समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# महाराणा प्रताप जयंती पर झोटवाड़ा मे हुंआ भव्य कार्यक्रम, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी हुईं शामिल।

Publisher
Published on 30 May 2025



## महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर श्रद्धांजलि, वीरता और स्वाभिमान की गूंज।

सवांदाता,झोटवाड़ा,राजस्
थान

**झोटवाड़ा,राजस्थान :** राजस्थान की शौर्यभूमि एक बार फिर वीरता के इतिहास से गूंज उठी जब **वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 485वीं जयंती** के पावन अवसर पर **वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप संस्था, झोटवाड़ा** द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में **राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी** विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने अपने उद्बोधन में महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े गौरवशाली प्रसंगों को साझा किया।

**"महाराणा प्रताप का जीवन साहस और आत्मसम्मान की मिसाल" – दिया कुमारी**
अपने भाषण में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा: "महाराणा प्रताप का जीवन हम सभी के लिए साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अद्वितीय समर्पण का प्रतीक है। हल्दीघाटी के युद्ध में उन्होंने मुगलों की विशाल सेना के सामने जो पराक्रम दिखाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।"

कार्यक्रम में शामिल हुए समाज के प्रमुख गणमान्य
इस कार्यक्रम में कई सम्मानननीय अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख थे:

१. **श्री श्री 1008 जगति जी महाराज, सीकर**
२. **श्री श्रवण सिंह बगड़ी जी**
३. **श्री राजेन्द्र सिंह जी सिसोदिया**
४. **श्री बद्री सिंह जी राजावत**
५. **श्री विक्रम सिंह जी मुंडरू**
६. **श्रीमती महेन्द्र कंवर जी**
७. **श्रीमती देवेन्द्र कंवर जी**
८. **श्रीमती सीमा कंवर जी**

साथ ही संस्था के सदस्यगण और समाज के अनेक गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

### संस्कृति, इतिहास और एकता का संदेश

कार्यक्रम में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर **पुष्प अर्पण, देशभक्ति** गीतों की प्रस्तुति और बच्चों द्वारा **सांस्कृतिक कार्यक्रम** प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने **महाराणा प्रताप** के आदर्शों को आज के युवा वर्ग में प्रसारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.